## न्यूज डायरी



### तूफान ग्लोरिया की चपेट में आकर 11 लोगों की मौत, चार अब भी लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बार्सिलोना। स्पेन के पूर्वी और दक्षिणी तट पर तबाही मचाने वाले तूफान ग्लोरिया के कारण मरने वालों की संख्या गुरुवार को 11 हो गयी । बचावकर्मी चार लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। उत्तर पूर्वी कैटेलोनिया क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि तटीय अमेटला दे मार में मछली पकड़ रहे 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत के साथ ही अब तक मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। इससे पहले काबासेस में एक वाहन के भीतर एक व्यक्ति का शव मिला था और पूर्वी एलिकेंट क्षेत्र के अल्कोई में भारी बारिश के कारण एक घर ढह गया। इसमें एक 75 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इसके अलावा रविवार से तूफान की चपेट में आकर कुछ लोगों की मौत हो चुकी थी। तूफान के कारण तेज हवाएं, भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है।

### सांप और चमगादड़ से इंसान में आया करॉना वायरस!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। तेजी से फैल रहे करॉना वायरस से पूरी दुनिया में खौफ है। चीन में हुए ताजा अध्ययन में दावा किया जा रहा है कि चमगादड़ और सांपों से यह वायरस इंसानों में फैला है। बता दें कि वुहान में चमगादड़ का सूप लोगों में काफी प्रिय है। अब तक इस बीमारी से चीन में 25 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 830 लोग इस बीमारी के चपेट में हैं। इस बीच, भारत ने चीन की राजधानी पेइचिंग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन रद्द कर दिया है। साथ ही, चीन से भारत लौटने वालों के लिए एक अडवाइजरी जारी की है जिसमें सतर्कता बरतने के कुछ सुझाव दिए गए हैं। हुबेई प्रांत के वुहान से निकला करॉना वायरस धीरे–धीरे पूरे चीन में और फिर दुनिया में फैलने लगा है। अधिकारियों ने हुबेई प्रांत के पांच शहरों– वुहान, हुगांग, एझाओ, झिजियांग और क्विनजिआंग शहरों में गुरुवार शाम से सार्वजनिक परिवहन का संचालन बंद कर दिया ताकि वायरस के फैलने पर रोक लगाई जा सके।

### उत्तर कोरिया ने पूर्व सैन्य अधिकारी को विदेश मंत्री नियुक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने मुखर माने जाने वाले पूर्व सैन्य अधिकारी री सान ग्वोन को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया है। इस बात की संभावना है कि अमेरिका के साथ रूकी परमाणु वार्ता में सख्त रूख अपनायेंगे । कोरियन सेंट्रल संवाद समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में री सोन ग्वोन के विदेश मंत्री होने की बात जाहिर की जिन्होंने राजधानी प्योंगयांग में विदेशी राजनयिकों के स्वागत समारोह में हिस्सा लिया था। ग्वोन सेना के अवकाश प्राप्त मुखर और तेज तर्रार अधिकारी हैं। दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों के लिए जिम्मेदार सरकारी निकाय के अध्यक्ष के तौर पर वह काम कर चुके हैं। वह पिछले 15 साल में कई बार अंतर कोरियाई सैन्य वार्ता में हिस्सा ले चुके हैं। उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के वैकल्पिक सदस्य ग्वोन के पास अमेरिका और अन्य देशों के साथ बातचीत के अनुभव का अभाव है।

### महाभियोग सुनवाई में डेमोक्रैट्स का राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखा। सांसदों ने कहा कि ट्रंप ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए खुलेआम और खतरनाक तरीके से अपनी ताकत का दुरुपयोग किया। ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई के दूसरे दिन सदन के अभियोग प्रबंधकों ने दलीलें पेश करते हुए रिपब्लिकन पार्टी के इस दावे को खारिज किया। रिपब्लिकन का कहना है कि ट्रंप ने चुनाव में यूक्रेन से पिछले साल मदद लेने के लिए कुछ गलत नहीं किया। न्यायाधीशों के रूप में बैठे 100 सीनेटरों के बीच अभियोजकों ने पुराने विडियो चलाए। विडियो में राष्ट्रपति के दो निकट बचावकर्ता कह रहे हैं कि सत्ता का दुरुपयोग निश्चित ही ऐसा अपराध है जिसके खिलाफ महाभियोग चलाया जा सकता है।

# चीन में बीमार बच्चों को छोड़ प्लेन में बैठे पैरंट्स

**करॉना वायरस**

## एयरलाइन कंपनियां भी बीमार लोगों को प्लेन में बैठने से रोक रही है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में फैले घातक करॉना वायरस से दुनिया के कई देश चिंतित हैं। चीन में हालात ऐसे हैं कि हर शख्स को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। जान बचाने के लिए लोग उन शहरों का रुख कर रहे हैं, जहां इसका असर नहीं है। वायरस के प्रसार को देखते हुए एयरलाइन कंपनियां भी डरी हुई हैं और ऐहतियातन कदम उठाते हुए बीमार लोगों को उड़ान की इजाजत नहीं दे रही हैं। इसके चलते बुधवार रात चीन के नाजिंग शहर के एक एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा हुआ। आखिर में माता–पिता अपने बीमार बच्चों को एयरपोर्ट पर ही छोड़कर अकेले विमान में सवार हो गए। गौरतलब है कि चीन में अब तक सार्स जैसे लक्षण वाले इस वायरस की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमण को रोकने के लिए 14 शहर सील कर दिए गए हैं। करीब 4.1 करोड़ लोग



अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। प्रशासन ट्रेनों, बसों, एयरपोर्ट पर भी सघन स्क्रीनिंग कर रहा है।

चीनी मीडिया के मुताबिक, यह जोड़ा दो बच्चों के साथ चांगसा शहर जाने के लिए नाजिंग एयरपोर्ट पहुंचा। उनके बेटे को फीवर के कारण प्लेन में बैठने की इजाजत नहीं दी गई। बच्चों के पैरंट्स ने डिपार्चर गेट ब्लॉक कर दिया और बच्चों को साथ ले जाने पर अड़े रहे। इस बीच पुलिस बीच–बचाव करने आई और पैरंट्स बच्चों को वहीं छोड़कर प्लेन में बैठ गए जिससे एयरपोर्ट पर मौजूद कर्मचारी और यात्री भी हैरान रह गए। इस घटना से संबंधित तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें दो बच्चे एयरपोर्ट पर अकेले दिख रहे हैं। हालांकि, कुछ समय बाद एयरलाइन कंपनी मान गई और बच्चों को प्लेन के केबिन में बैठने की इजाजत दे दी गई।

**14 शहर सील, 4 करोड़ लोग बंद** करॉना वायरस के फैलने की आशंका को देखते हुए अब तक चीन के 14 शहरों को सील कर दिया गया है। इसके कारण इन शहरों में रह रही करीब 4.1 करोड़ की आबादी प्रभावित है। देश के हुबेई प्रांत में ही इस वायरस का सबसे पहले पता चला था। इसे फैलने से रोकने के लिए बीते 24 घंटे में हुबेई प्रांत के शहरों पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में चार नए नाम शियानिंग, शियाओगन, एन्शी और झिजियांग जुड़ गए हैं। अब तक 800 लोग इसके प्रभाव में आ चुके हैं। पहला मामला हुबेई की राजधानी वुहान से आया था जहां इस महामारी के केंद्र के तौर पर एक सीफूड और पशुओं के बाजार की पहचान हुई थी।

**ग्रेट वॉल ऑफ चाइना, डिज्नीलैंड भी बंद:** इस बीच खबर आई है कि ग्रेट वॉल ऑफ चाइना और शंघाई में मौजूद डिज्नीलैंड को बंद कर दिया गया है। बता दें कि ये दोनों ही जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। प्रशासन ने यह फैसला इसलिए लिया है ताकि लोग बड़ी संख्या में एक जगह इकट्ठा न हों और न ही वायरस का प्रसार हो।

## अंतरिक्ष में पहली बार बनाया गया बिस्कुट, दो घंटे का लगा वक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

केप कार्नेवल। अंतरिक्ष में पहले चॉकलेट चिप कूकीज (बिस्कुट की तरह खाने की चीज) के नतीजे सामने आ गए हैं। नॉर्मल कूकीज के जैसा पूरी तरह से भले न नजर आता हो, लेकिन इसे बेक करने में सिर्फ दो घंटे लगे। इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन पर यह कूकीज बनाई गई। हालांकि, इनका टेस्ट असल में कैसा है? अभी तक किसी को भी इसके बारे में नहीं पता है।

इन कूकीज को फिलहाल निजी बेकिंग पाउच में पैक किया गया है और इस स्पेस फ्लाइट कंटेनर में ही रखा गया है। कूकीज को ह्यूस्टन में ही एक फ्रोजन लैब में

**ओवन एजेंसी ने खास तौर पर ओवन तैयार किया**

स्पेसएक्स कैप्सूल के तौर पर रखा गया है। पहली बार अंतरिक्ष में कच्चे सामान से खाने की ऐसी कोई चीज बनाई गई है। ओवन बनानेवालों का विचार था कि बेकिंग में सामान्य से काफी अधिक वक्त लगेगा, लेकिन असल में ऐसा नहीं हुआ।

नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर के पास ही स्थित नैनोरैक्स ने स्पेस में कूकीज बनाने के लिए खास ओवन तैयार किया था। पिछले साल नवंबर में आकार में छोटे ओवन स्पेस को तैयार किया गया था। 5 फ्रोजन रॉ कूकीज भी भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं।



गर्लफ्रेंड के साथ बेजॉस

## बेजॉस का ट्वीट, खशोगी की हत्या के पीछे क्राउन प्रिंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली/न्यू यॉर्क। एमेजॉन के सीईओ जेफ बेजॉस के फोन हैक के खुलासे के बाद से सनसनीखेज जानकारियां सामने आ रही हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि बेजॉस की उनकी पत्नी से दुनिया के सबसे महंगे तलाक के पीछे भी तो कहीं सऊदी क्राउन प्रिंस का ही हाथ तो नहीं था। एक अखबार ने दावा किया था कि एमेजॉन के मालिक का फोन हैक करने के पीछे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस बिन सलमान थे। इस बीच बेजॉस ने अक्टूबर 2019 की एक फोटो ट्वीट की है। इसमें वे सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या की बरसी पर हुई एक श्रद्धांजलि सभा में शामिल नजर आ रहे हैं।

# कश्मीर पर डींगें हांक रहे थे पाक पीएम इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। मुस्लिम जगत की चौधराहट को बेताब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पड़ोसी चीन में उइगर मुसलमानों के अत्याचार पर लंबी खामोशी ओढ़ रखी है। उनको पीएम बने भी 17 महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक यही कहते रहे हैं कि चीन के शिनझियांग प्रांत में मुसलमानों के साथ क्या हो रहा है, उसका उन्हें कुछ पता नहीं है। हालांकि, इस बार स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक सम्मेलन से इतर एक इंटरव्यू के दौरान पीएम इमरान बुरी तरह घिर गए। जब वह कश्मीर और भारत के

**■विदेशी पत्रकार ने उइगर मुसलमानों पर फंसाया**

मुसलमानों का राग छेड़ रहे थे, तभी एंकर ने उनसे उइगर मुसलमानों पर सवाल पूछ लिया। जब इमरान ने इस सवाल पर कन्नी काटनी चाही तो एंकर ने सीधा–सीधा कहा कि आप इसलिए उइगर मुसलमानों के बारे में नहीं जानना चाहते हैं क्योंकि चीन से आपके आर्थिक संबंध हैं। एक पाकिस्तानी पत्रकार ने ही बातचीत का यह अंश ट्वीट किया है।

**एंकर–** आपके दूसरे पड़ोसी चीन के पश्चिमी प्रांत शिनझियांग में क्या हो रहा है? वहां महीनों से मुसलमानों पर अत्याचार के लगातार सबूत मिल रहे हैं। इस पर आप क्यों नहीं बोलते हैं?

**इमरान–** पहली बात यह है कि कश्मीर पाकिस्तान और भारत के बीच का विवादित क्षेत्र है। इसका हमसे सीधा लेनादेना है क्योंकि यह मेरा पड़ोसी है।

**एंकर–** लेकिन मैं सिर्फ कश्मीर की बात नहीं कर रही हूं, व्यापक मुद्दे की बात कर रही हूं। आप भी पूरे भारत के मुसलमानों की बात करते हैं। आप भारत के सत्तारूढ़ दल की विचारधारा की बात करते हैं। शिनझियांग में चीनी मुसलमानों के साथ जो हो रहा है, क्या आपको उसकी थोड़ी भी चिंता है?

**इमरान–** मुझे इसके बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है।

## कई देशों में फ्रॉड के आरोपी रेयान रोथ ने रचा आत्महत्या का नाटक?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के एक शख्स पर जांच एजेंसियों को शक है कि शायद उसने आत्महत्या का नाटक किया हो। 39 साल के रेयान रोथ पिछले सप्ताह बाली में एक पहाड़ से कूदकर आत्महत्या करने के कारण चर्चा में थे। पुलिस का कहना है कि उलुवातु में आत्महत्या से पहले उन्होंने गर्लफ्रेंड के लिए एक पत्र छोड़ा था। पत्र में उन्होंने अपना सामान गर्लफ्रेंड को सौंपने की बात कही थी।

पुलिस ने कथित तौर पर हुई आत्महत्या के बाद समुद्र में बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चलाया, लेकिन अभी तक बॉडी नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि सर्च टीम ने समुद्र और आसपास के इलाके में कई बार सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन शव बरामद नहीं किया जा सका। रेयान रोथ की मौत पर पुलिस और जांच टीम को शक है कि शायद उसने आत्महत्या का नाटक किया है। सूत्रों के अनुसार, रोथ पर दुनिया के कई देशों में फ्रॉड के केस चल रहे हैं। रेयान की फेसबुक प्रोफाइल में उसने खुद को रोथ मैनेजमेंट का सीईओ और पूर्व फाउंडर बताया है।